**sns academy**

a fingerprint school

*Sincerity, Nobility and Service*

**1st Terminal Examination – July - 2019-20**

**HINDI (2nd Lang)**

**GRADE: 10th** **MARKS: 80**

**DATE: .08.2019** **TIME: 3 Hrs**

1. इस प्रश्ऩ-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग, और घ ।
2. चारों खंड के उत्तर देने अनिवार्य हैं ।
3. यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए

**खंड - क**

प्र. 1. **निम्ऩलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

जीवन में उत्साह का बहुत महत्व है। उत्साह एक मनोभाव है। यह जिस व्यक्ति में होता है, उसमें जीवन में कुछ अद्भुत कार्य करने की ललक हिलोरे लेती रहती हैं। प्रत्येक कार्य की सफ़लता के निमित्त उत्साह एक अनिवार्य मनोभाव है। यदि कार्य अनुत्साहपूर्वक किया जाता है तो सफ़लता संदिग्ध हो जाती है। बहुत से व्यक्ति मैच खेलने या परीक्षा देने के समय से बहुत पहले ही पहुँच जाते हैं। यह उनके भीतर लक्ष्य के प्रति उत्कट उत्साह का द्योतक है। उत्साह जीवन में निरंतर एक आशा-दीप के टिमटिमाते रहने का साधक बनता है। उत्साह ही वह मनोभाव है, जो मानव को लक्ष्य को भेदने का प्रोत्साहन देता है। किसी

प्रतियोगी परीक्षा के प्रत्याशी का लक्ष्य उसके द्‌वारा निर्धारित प्रतियोगिता में सफ़लता प्राप्त करना होता है। वह इनमें कई प्रयासों में सफ़ल नहीं हो पाता, लेकिन फ़िर भी एकाग्र होकर जुटा रहता है। उत्साह ही वह मनोभाव है जो उसमें सतत धैर्य और आशा के संबल का प्रवाह करता रहता है ।

क) गद्‌यांश में उत्साही व्यक्ति के विषय में क्या कहा गया है ? 2

ख) उत्साही व्यक्ति में कौन-कौन से गुण होते हैं **?** 2

ग) उत्साह जीवन में क्या बनता है ? 2

घ) 'सफ़लता' शब्द में से उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय का चयन कीजिए ? 2

ङ) गद्‌यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

**प्र. 2. निम्न-लिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

इस पृथ्वी पर,
एक मनुष्य की तरह
मैं जीना चाहता हूँ
वे खत्म करना चाहते हैं
बैक्टेरिया की तरह

किंचित विनम्रता
किंचित अकड़
और मित्र हँसी के साथ
बेहतर सृष्टि के लिए
मैं एक पके फ़ल की तरह

उनके तमाम हथकंडों के बावजूद
मैं नहीं मरता
उपेक्षा, भूख और तिरस्कार से लड़ते-झगड़ते
बढ़ गयी है मेरी प्रतिरोधक सामर्थ्य
मैं मृत्यु से नहीं डरता
और अमरत्व में मेरा विश्वास नहीं
लेकिन मैं नहीं चाहता प्रतिदिन मरना
थोड़ा-थोड़ा
टपकना चाहता हूँ
जिसे लपकने के लिए
झुक जाएँ एक साथ
असंख्य नन्हे-नन्हे हाथ
अधूरी लड़ाई बढ़ाने के लिए
फ़ल के रस की तरह
मैं उनके रक्त में
घुल जाना चाहता हूँ ।

क) कवि की प्रतिरोधक क्षमता कैसे बढ़ गई है ? 2

ख) कवि के 'हथकंडों' शब्द के प्रयोग का क्या तात्पर्य है ? 2

ग) 'मैं नहीं चाहता प्रतिदिन मरना' का आशय समझाइये । 2

**खण्ड- ख**

**प्र.3.** शब्द और पद का अन्तर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

**प्र.4.** नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रूपान्तरण कीजिए - 3

1. जो कानून का पालन नहीं करते, अब उन लोगों से निबटने का वक्त आ गया है। ( सरल वाक्य )
2. जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ । (मिश्र वाक्य )
3. छात्रों ने परिश्रम किया। वे उत्तीर्ण हो गये। ( संयुक्त वाक्य )

**प्र. 5. (क) निम्न-लिखित शब्दों का सामासिक पद बनाकर समास के भेद का नाम भी लिखिए-** 2

1. न्याय का आलय 2. चन्द्रमा के समान मुख

**(ख) निम्न लिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम भी लिखिए-** 2

1. नवग्रह 2. प्रत्यक्ष

**प्र. 6. निम्न लिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए -** 4

1. स्वास्थ्य आपका अब कैसा है ।

2. मैं उनको मिलकर प्रसन्न हुआ।

3. वह अनुत्तीर्ण होकर परीक्षा में फ़ेल हो गया ।

4. गीता ने हँसा ।

**प्र. 7. निम्न-लिखित मुहावरों का प्रयोग कीजिए -** 2

1. आग बबूला होना 2. सुध-बुध खोना

**खंड- ग**

**प्र.8. निम्न-लिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए।**

क) तताँरा-वामीरो कथा के आधार पर 'पशु-पर्व' का आयोजन क्यों और किस प्रकार किया गया था **?** उस दिन वहाँ क्या घटना घटी ? 2

ख) निकोबारी तताँरा को इतना अधिक प्रेम क्यों करते थे ? 2

ग) ततांरा की पोशाक कैसी थी और वह सदा क्या बांधकर रहता था ? 1

प्र.**9. प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** 5

रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगे तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों **?** स्पष्ट कीजिए । **( अथवा )**

लोग ऐसा क्यों मानते थे कि ततांरा की तलवार में अद्‌भुत शक्ति है ? कहानी के अंत में इसे किस प्रकार दर्शाया गया है ? अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए ।

प्र.10. **निम्न-लिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए।**

1. सच्चे मन में राम बसते हैं- दोहे के संदर्भानुसार स्पष्ट कीजिए । 2
2. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ? 2
3. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ? 1

**प्र.11.** 'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्‌य लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5

**(अथवा)**

बिहारी ने ईश्वर प्राप्ति में किन साधनों को साधक और किनको बाधक माना है ?

**प्र.12.** 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए कि एक महंत से समाज की क्या अपेक्षा होती है। उक्त कहानी में महंतों की भूमिका पर टिप्पड़ी कीजिए। उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए। **(अथवा)** 5

समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है **?** 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए।

**खंड- घ**

**प्र.13. निम्न-लिखित में से किसी एक विषय पर दिए गये बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।** 5

**(क) प्लास्टिक की दुनिया -** •प्लास्टिक का विस्तार • प्लास्टिक के नुकसान • सीमाएँ

**(ख) बुजुर्गों की समस्या-** • समस्या क्या है • बुजुर्ग हमारे मार्ग-दर्शक • बुजुर्गों के प्रति हमारा कर्तव्य

**प्र.14.** आए दिन मोटर सायकिल चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए । 5

**प्र.15.** आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव है, भाग लेने हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएँ संगीत शिक्षिका से संपर्क कर अपना विवरण दे सकते हैं। इस संबन्ध में लगभग **30** शब्दों में एक सूचना लिखिए। 5

**प्र.16.** स्वच्छता अभियान के बारे में दो छात्रों का संवाद लिखिए । 5

**प्र.17.** अपने पुराने मकान का विवरण देते हुए उसकी बिक्री के लिए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए । 5